# शेयरिंग ई-रिक्शा में यात्रियों के बैग से जेवर उड़ाने वाला गिरोह पकड़ाया

## बिजनौर के सरगना सहित पांच गिरफ्तार, 20 लाख के जेवर और वारदात में इस्तेमाल ई-ऑटो जब्त





नव भारत न्यूज

**इंदौर. शेयरिंग ई रिक्शा में पहले से सवारी बनकर बैठने और यात्रियों के बैग से जेवर चोरी करने वाले गिरोह का लसूड़िया पुलिस ने पर्दाफाश किया है. पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 20 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर और वारदात में इस्तेमाल ई ऑटो जब्त किया है. गिरोह का सरगना बिजनौर (उत्तरप्रदेश) का रहने वाला है, जो इंदौर में रहकर वारदातों को अंजाम दे रहा था.**

मामला गुरुवार 20 जुलाई का है, जब महाराष्ट्र के ठाणे निवासी पवन सिंह अपनी बेटी खुशबू को इंदौर स्थित उसके ससुराल छोड़ने आए थे. रेलवे स्टेशन के बाहर से उन्होंने एक शेयरिंग ई रिक्शा लिया था. रिक्शा में पहले से दो लोग बैठे थे. चालक ने पवन सिंह को आगे और उनकी बेटी को पीछे सामान के साथ बैठाया था. स्कीम नंबर 78 पहुंचने के बाद जब उन्होंने सूटकेस देखा तो उसका ताला खुला मिला. उसमें रखे सोने चांदी के जेवर गायब थे. पवन सिंह ने लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्हें ई रिक्शा का नंबर पूरा याद नहीं था, लेकिन आखिरी चार अंक 8770 याद थे. जांच के दौरान पुलिस ने 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. ई रिक्शा के हुलिए और नंबर के आधार पर पुलिस कालू उर्फ जितेंद्र जोशी तक पहुंची. पूछताछ में उसने अपने साथियों मेहबूब, मोहम्मद रियाज, किशोर जोशी और कमल गाडोलिया के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले से ई रिक्शा में बैठकर सवारी का इंतजार करते थे. जैसे ही कोई यात्री सामान लेकर बैठता था, आरोपी बैग की आड़ लेकर उसमें रखे जेवर चोरी कर लेते थे. चोरी किए गए सामान को आपस में बांट लेते थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 100 ग्राम सोने के जेवर, एक किलो चांदी के जेवर और वारदात में इस्तेमाल महिंद्रा ई ऑटो जब्त किया है. सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है.

### आरोपी मेहबूब का पुराना रिकॉर्ड

बिजनौर उत्तरप्रदेश निवासी मेहबूब के खिलाफ इंदौर के अलग अलग थानों में चोरी के कई मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ वर्ष 2008 से लेकर 2024 तक चोरी के करीब 10 मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है. इनमें सराफा, एरोड्रम, तेजाजी नगर और राऊ थाना क्षेत्र के मामले शामिल हैं.

### आरोपी कालू उर्फ जितेंद्र का रिकॉर्ड

हातोद निवासी कालू उर्फ जितेंद्र जोशी के खिलाफ भी पहले कई अपराध दर्ज हैं. उसके खिलाफ जुआ एक्ट, मारपीट, धमकी सहित अलग अलग मामलों में प्रकरण दर्ज हो चुके हैं. पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ वर्ष 2005 से 2024 तक कई मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपियों में मेहबूब उम्र 53 साल, मोहम्मद रियाज उम्र 33 साल निवासी बिजनौर उत्तरप्रदेश, किशोर जोशी उम्र 44 साल, कमल गाडोलिया उम्र 28 साल और कालू उर्फ जितेंद्र जोशी उम्र 45 साल निवासी इंदौर शामिल हैं.

**पूछताछ जारी है...**

तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंचा गया. आरोपियों से चोरी का माल बरामद कर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

**एडिशनल डीसीपी जोन 2, अमरेंद्र सिंह**

# शाखा का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला

## हीरानगर में संघ सदस्यों की शिकायत पर देर रात 2 बजे दर्ज हुई एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर क्षेत्र में संघ की शाखा का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने और शाखा से जुड़े लोगों को धमकाने का मामला सामने आया है. शिकायत के बाद पुलिस ने वीणा नगर निवासी छात्र क्षितिज वाने के खिलाफ वीडियो वायरल कर बदनाम करने और धमकाने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है.**

संघ सदस्य मोहनलाल मालवीय की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है. मोहनलाल ने पुलिस को बताया कि वह दीपक शर्मा, लोकेंद्र कोष्ठी, लालजी प्रतापत, नितिन विश्वकर्मा सहित अन्य साथियों के साथ नॉर्थ एवेन्यू के खाली मैदान में प्रतिदिन शाखा संचालित करते हैं. इसी मैदान के सामने क्षितिज वाने रहता है. शिकायत में बताया गया कि करीब छह महीने पहले भी क्षितिज शाखा स्थल पर पहुंचा था और वीडियो बनाते हुए पूछने लगा था कि यहां शाखा क्यों लगाई जाती है. उस समय समझाइश देकर उसे वहां से भेज दिया था. आरोप है कि छह महीने बाद उसने फिर वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया, साथ ही कुछ फोटो भी वायरल किए. मोहनलाल मालवीय ने शिकायत में आरोप लगाया कि क्षितिज ने आरएसएस देशद्रोही नाम से पोस्ट भी वायरल की, जिससे माहौल खराब होने की आशंका थी. इसके बाद संघ सदस्यों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी. शनिवार देर रात करीब 2 बजे संघ सदस्य हीरानगर थाने पहुंचे और वीडियो सहित अन्य सामग्री पुलिस को सौंपकर शिकायत दर्ज कराई.

### जांच की जा रही है...

शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया है. वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**हीरा नगर थाना प्रभारी, सतीश पटेल**

# ढाबे पर दोस्तों के साथ खाना खाने जा रही युवती की सड़क हादसे में मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** दोस्तों के साथ ढाबे पर खाना खाने के लिए निकली भोपाल में रहने वाली 29 वर्षीय युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई. युवती तेजाजी नगर इलाके में घायल अवस्था में मिली थी. आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी और चालक मौके से भाग निकला. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है.

मृतका साहिबा पिता मोहम्मद अफसर भोपाल की रहने वाली थी और इंदौर में रहकर इवेंट से जुड़े काम करती थी. रविवार रात वह दोस्तों के साथ तेजाजी नगर क्षेत्र के नेवरा फार्म के सामने स्थित एक ढाबे पर खाना खाने जाने वाली थी. बताया जा रहा है कि उसके कुछ दोस्त ढाबे पर पहुंच चुके थे. इसी दौरान साहिबा का फोन आया और उसने भी वहां आने की बात कही. काफी देर तक साहिबा के नहीं पहुंचने पर उसका दोस्त उसे देखने के लिए तेजाजी नगर ब्रिज की तरफ पहुंचा, जहां वह सड़क पर घायल हालत में मिली. दोस्त उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया. एमवाय अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# महिला की आत्महत्या मामले में पति पर केस दर्ज

इंदौर. सुदामा नगर में रहने वाली एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. महिला की बेटी ने आरोप लगाया कि पिता द्वारा रुपयों को लेकर की जा रही प्रताड़ना से परेशान होकर मां ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी. एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि मृतका अमिता पुरोहित के आत्महत्या मामले की जांच की जा रही थी. जांच के दौरान उसकी बेटी तनु पाठक ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ललित पुरोहित आए दिन मां को रुपयों के लिए परेशान करते थे. इसी प्रताड़ना से तंग आकर अमिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. बेटी के बयान और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने ललित पुरोहित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है.

## एक नजर में

### जानापाव से गूंजा हर-हर महादेव



**महू.** स्थापत्य और आस्था के केंद्र जानापाव तीर्थ से श्री मंडल रामायण मंडल कावड़ यात्रा का अपने 18वें वर्ष में भव्य शुभारंभ हुआ. इस धार्मिक यात्रा में महू विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में महिला, युवा और शिव भक्त शामिल हुए. पूरी यात्रा के दौरान संपूर्ण मार्ग हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा. यात्रा की शुरुआत में शिव भक्तों ने जानापाव तीर्थ के पवित्र कुंड से सात नदियों का पावन जल अपनी कावड़ों में भरा. इसके बाद विधि-विधान से जनकेश्वर महादेव का जलाभिषेक सोमवार को किया जाएगा और भगवान परशुराम की विशेष पूजन-अर्चन की गई. यह यात्रा संतों के सान्निध्य और आशीर्वाद के साथ, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन एवं भाजयुमो ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रारंभ हुई. कावड़ यात्रा को भव्य रूप देने के लिए इसमें कई आकर्षक झाँकियां, सुसज्जित घोड़े और डीजे वाहन शामिल थे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे. यात्रा के संयोजक मनोज सिंह ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा का 18वाँ वर्ष है और धार्मिक आयोजन के साथ-साथ इस यात्रा के माध्यम से प्रतिवर्ष समाज हित और जन-जागरूकता का संदेश भी दिया जाता है. बिट्टू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जानापाव से शुरू होकर जामली तक के मार्ग में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा मंच बनाकर यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया.

### महू के बाजारों में आवारा पशुओं का जाम बरकरार



**महू.** छावनी परिषद महू द्वारा शुक्रवार शाम बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलाई गई मुहिम पहले ही दिन विवादों और सवालों के घेरे में आ गई. परिषद के अमले ने शाम करीब 6.30 बजे फ्रूट मार्केट, सब्जी मार्केट सहित अन्य प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सड़क किनारे लगे ठेलों को हटाने की बड़ी कार्रवाई की. इस अचानक हुई कार्रवाई के कारण ठेला व्यवसायियों को आनन-फानन में अपनी दुकानें समेटकर अन्य स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा. बाजार में सुचारु आवागमन के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई को कई नागरिकों ने सही ठहराया, लेकिन प्रशासन का यह अभियान तब अधूरा साबित हो गया जब ठीक उसी समय गर्ल्स स्कूल चौराहे पर भारी अव्यवस्था देखने को मिली. जिस समय परिषद का अमला ठेले हटा रहा था, ठीक उसी वक्त गर्ल्स स्कूल चौराहे पर बड़ी संख्या में आवारा पशुओं ने डेरा जमा रखा था. बीच सड़क पर बैठे इन मवेशियों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने तक की जगह नहीं मिल रही थी. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए गंभीर है, तो उसे आवारा पशुओं की इस विकराल समस्या पर भी समान गंभीरता दिखानी होगी.

### जर्जर टंकी और बिजली के तार दे रहे हादसे को आमंत्रण

**महू.** छावनी परिषद महू के यादव मोहल्ला मुख्य मार्ग पर इन दिनों एक बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है. क्षेत्र में शासकीय राशन दुकान और सार्वजनिक खारे पानी की टंकी के पास स्थित एक कमजोर पेड़ पर बिजली के तार बुरी तरह उलझकर टेढ़े हो चुके हैं, जो कभी भी टूटकर गिर सकते हैं. व्यस्त मार्ग होने के कारण यहाँ हर समय बड़ी जनहानि का खतरा मंडरा रहा है. सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ के समाजसेवी जगमोहन सोन ने जनहित में इस गंभीर समस्या को उठाते हुए विद्युत मंडल का ध्यान आकर्षित किया है. उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर पेड़ और बिजली के तार खतरनाक स्थिति में हैं, ठीक उसी के पास शासकीय राशन की दुकान है. राशन लेने के लिए यहाँ हर समय महिलाओं और आम जनता की भारी भीड़ जुटी रहती है। इसके साथ ही, पास में ही स्थित सार्वजनिक खारे पानी की टंकी लगभग 40 से 45 वर्ष पुरानी हो चुकी है और वर्तमान में अत्यंत जर्जर हालत में है. मोहल्ले के लोग आज भी इसी टंकी पर पानी भरने आते हैं. जर्जर टंकी और ऊपर से गुजर रहे हाई-रिस्क बिजली के तारों के कारण यहाँ कभी भी करंट फैलने या कोई बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है. संस्था के पदाधिकारियों और वार्डवासियों ने विद्युत मंडल और छावनी परिषद प्रशासन से मांग की है कि जनहित में इस गंभीर लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लिया जाए.

# खड़े लोडिंग वाहन से घी के 7 डिब्बे चोरी

इंदौर. खंडवा रोड पर खड़े लोडिंग वाहन से अज्ञात बदमाश हजारों रुपए कीमत के देसी घी के डिब्बे चोरी कर ले गए. वाहन चालक को चोरी की जानकारी मिलने के बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. तेजाजी नगर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. खरगोन जिले के सनावद निवासी प्रकाश सिंह सोलंकी ने शिकायत में बताया कि उसने अपना लोडिंग वाहन कस्तूरबा ग्राम तिराहे के पास खड़ा किया था. कुछ समय बाद जब वह वाहन के पास पहुंचा तो उसमें रखे देसी घी के 7 डिब्बे गायब मिले. आसपास तलाश करने के बाद भी घी के डिब्बों का कोई पता नहीं चला. इसके बाद मामले की सूचना तेजाजी नगर पुलिस को दी गई. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर चोरी करने वाले बदमाश की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

# बिजली बिल अपडेट कराने के बहाने रिटायर्ड अफसर से 98 हजार की साइबर ठगी

## एमपीईबी अधिकारी बनकर फोन किया, फोनपे पर कोड डलवाकर खाते से उड़ाई रकम

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर एक रिटायर्ड गैस प्लांट अधिकारी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है. ठग ने खुद को एमपीईबी अधिकारी बताकर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कराने का झांसा दिया और फोनपे पर कोड डलवाकर उनके बैंक खाते से 98 हजार 560 रुपए निकाल लिए. शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

कैलिफोर्निया सिटी निवासी देवकरण मालवीय ने पुलिस को बताया कि वे गैस प्लांट से रिटायर हो चुके हैं. 30 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया. कॉल करने वाले ने खुद को एमपीईबी का अधिकारी बताते हुए कहा कि बिजली बिल रामकन्या मालवीय के नाम से दर्ज है, जिसे ऑनलाइन अपडेट करना जरूरी है. ऐसा नहीं करने पर बिल आना बंद हो जाएगा. बातों में उलझाकर ठग ने उन्हें फोनपे एप पर एक कोड दर्ज करने के लिए कहा. जैसे ही उन्होंने कोड डाला, उनके इंडियन बैंक खाते से 98 हजार 560 रुपए एक अज्ञात यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हो गए. ठगी का पता चलने के बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की.

### जानकारी जुटाई जा रही है...

मामले में शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है. जिस यूपीआई आईडी पर रकम ट्रांसफर हुई है, उसकी जानकारी जुटाई जा रही है. लोगों से अपील है कि बिजली बिल अपडेट या किसी भी ऑनलाइन प्रक्रिया के नाम पर आए अनजान कॉल पर कोई कोड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें.

**कनाड़िया थाना प्रभारी, सहर्ष यादव**

# शादी का झांसा दे दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद बिलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया. कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.**

पीड़िता ने शिकायत में बताया कि मोहम्मद बिलाल ने शादी का वादा कर उसका विश्वास जीता और इस दौरान कई बार शारीरिक संबंध बनाए. आरोप है कि शादी की बात करने पर आरोपी ने धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने की शर्त रखी. पीड़िता का आरोप है कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया. थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आजाद नगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का एक अन्य मामला भी दर्ज है. मामले की जांच जारी है.

# केयर टेकर पर फिर लाखों के जेवर ले जाने का शक

## बीमार बुजुर्गों की देखभाल के नाम पर घरों में पहुंच रहे संदिग्ध लोग, दो मामलों में पुलिस के हाथ खाली

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बीमार परिजनों की देखभाल के लिए रखे जा रहे केयर टेकर अब घरों की सुरक्षा के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं. शहर में लगातार दूसरा मामला सामने आया है, जिसमें केयर टेकर पर लाखों रुपए के जेवर चोरी करने का संदेह जताया है. दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है, लेकिन अब तक आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है.

ताजा मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के उषानगर का है. यहां रहने वाले इंजीनियर हिमांशु मोदी ने अपनी मां की देखभाल के लिए एक केयर टेकर रखा था. कुछ समय बाद जब उन्होंने मां के कमरे की अलमारी खोली तो उसमें रखे लाखों रुपए कीमत के जेवर गायब मिले. इसके बाद उन्होंने केयर टेकर पर चोरी की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत की. अन्नपूर्णा पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर केयर टेकर की तलाश शुरू कर दी है. इससे पहले द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुमाश्तानगर में भी ऐसा ही मामला सामने आया था. मूंदड़ा परिवार ने अपने बुजुर्ग ओमप्रकाश की देखभाल के लिए दिल्ली की एक एजेंसी के माध्यम से यश नामक केयर टेकर रखा था. आरोप है कि उसने बुजुर्ग ओमप्रकाश और उनके नौकर दिलीप सिंह को जूस में नशीला पदार्थ देकर घर से करीब 25 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए और फरार हो गया. जांच में उसके दस्तावेज फर्जी पाए थे. पुलिस टीम उसकी तलाश में दिल्ली तक गई, लेकिन अब तक उसका पता नहीं लग सका है. सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है. शहर में लगातार सामने आ रहे इन मामलों के बाद पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि घर में केयर टेकर रखने से पहले उसका पुलिस सत्यापन जरूर कराएं. बिना जांच पड़ताल के किसी अनजान व्यक्ति को घर की जिम्मेदारी देना भारी पड़ सकता है.

### जरुरी है वेरिफिकेशन ...

केयर टेकर रखने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है. ऐसे मामलों में संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पहले से मिलने पर अपराध रोकने में मदद मिलती है. दोनों मामलों में जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है.

**एडीसीपी राजेश दंडोतिया**

# अपराध नहीं छोड़ा तो शहर छोड़ना पड़ेगा

## तीन बदमाश जिलाबदर, आठ की थाने में लगेगी हाजिरी; 11 आदतन अपराधियों पर शिकंजा

नव भारत न्यूज

इंदौर. अपराध की दुनिया में सक्रिय बदमाशों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने एक साथ 11 आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है. इनमें तीन बदमाशों को इंदौर सहित आसपास के सीमावर्ती जिलों से बाहर कर दिया गया, जबकि आठ अपराधियों को तय अवधि तक संबंधित थानों में नियमित हाजिरी देने के आदेश दिए हैं.

चारों जोन के डीसीपी द्वारा चिन्हित किए गए इन बदमाशों के खिलाफ तैयार प्रस्तावों पर सुनवाई के बाद यह कार्रवाई की गई. कार्रवाई की जद में आए बदमाशों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पूर्व कार्रवाई के बाद भी उनकी गतिविधियों में सुधार नहीं आया था. मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गांधी नगर निवासी राजकुमार खटीक को छह माह, लसूड़िया निवासी अजय उर्फ भोला और तिलक नगर निवासी राहुल उर्फ दादिया को तीन तीन माह के लिए इंदौर और सीमावर्ती जिलों से निष्कासित किया है. वहीं परदेशीपुरा क्षेत्र के सूरज मेहरा, हमीद खान, वाजिद उर्फ गब्बू और वसीम उर्फ बाला, लसूड़िया क्षेत्र के अरुण वालेकर, मुकेश कुशवाह, शुभम उर्फ बाबू तथा एमआईजी क्षेत्र के दुर्गेश वर्मा को थाना हाजिरी के लिए पाबंद किया है.

### किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा...

अपराधियों की लगातार निगरानी की जा रही है. जो बदमाश आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हैं, उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी. शहर की शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा.

**एडिशनल डीसीपी, राजेश दंडोतिया**

**एक नजर में** — वार्ड 30 में पेयजल संकट गहराया, क्षतिग्रस्त नर्मदा लाइन और खराब सरकारी बोरवेल से रहवासी परेशान, रोज दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर

# जर्जर पाइपलाइन से दूषित पानी, टैंकरों के सहारे सुंदर नगर



**इंदौर. शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों के बीच वार्ड 30 के सुंदर नगर में हालात चिंताजनक बने हुए हैं. क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है. जर्जर नर्मदा पाइपलाइन से कई घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है, वहीं क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और खराब सरकारी बोरवेल के कारण रहवासी पानी के लिए परेशान हैं. मजबूरी में कई परिवारों को प्रतिदिन करीब दो किलोमीटर दूर श्रीनगर कांकड़ क्षेत्र से पानी लाना पड़ रहा है.**

क्षेत्र की पुरानी नर्मदा पाइपलाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है. सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी से खुदाई में कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे नियमित जलापूर्ति भी प्रभावित हो गई. नगर निगम की ओर से पानी के टैंकर भेजे जा रहे हैं, लेकिन वे पूरे क्षेत्र की आवश्यकता पूरी नहीं कर पा रहे हैं. दूसरी ओर, इलाके का सरकारी बोरवेल भी अक्सर महीनों तक खराब पड़ा रहता है, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है. रहवासियों ने नगर निगम से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने, अतिरिक्त बोरवेल की व्यवस्था करने और पेयजल संकट का स्थायी समाधान करने की मांग की है।



पूरे सुंदर नगर के रहवासी सरकारी पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं. पुरानी नर्मदा लाइन से दूषित पानी आता है, जो उपयोग योग्य नहीं है. नगर निगम को जल्द से जल्द पाइपलाइन बदलकर समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए.

**मोहन बकावले, रहवासी**



पांच गलियों के लिए केवल एक सरकारी बोरवेल है. अधिक उपयोग के कारण वह बार बार खराब हो जाता है, जिससे पानी का संकट और बढ़ जाता है. क्षेत्र में कम से कम दो अतिरिक्त बोरवेल लगाए जाने चाहिए.

**मांगीलाल भालसे, रहवासी**



सड़क निर्माण के दौरान नर्मदा की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी. उसका पानी अंदर ही अंदर रिसता है और आगे सप्लाई नहीं पहुंच पाती. समस्या दूर किए बिना ही सड़क बना दी गई, जिसका खामियाजा अब रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है.

**जितेंद्र बकावले, रहवासी**